Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَمَا الْحَيٰوةُ الدُّنْيَآ اِلَّا لَعِبٌ وَّلَهْوٌ ۭ وَلَلدَّارُ الْاٰخِرَةُ خَيْرٌ لِّلَّذِيْنَ يَتَّقُوْنَ ۭ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ○

(अल् अन् आम :33)

अनुवाद : और सांसारिक जीवन केवल खेल तमाशा के अतिरिक्त और (कुछ नहीं) है और जो लोग संयम धारण करते हैं उनके लिए पीछे आने वाला घर निश्चित ही सर्वश्रेष्ठ है। तो फिर क्या तुम विवेक से काम नहीं लेते।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 9

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 575 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

29 रजब 1443 हिज्री कमरी, 03 अमान 1401 हिज्री शम्सी, 03 मार्च 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

दज्जाल मक्का और मदीना में प्रवेश नहीं करेगा

(1879) हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : मसीह दज्जाल का आतंक मदीना में प्रवेश नहीं करेगा। उस दिन उसके साथ दरवाज़े होंगे और प्रत्येक दरवाज़े पर उसके फ़रिश्ते निर्धारित होंगे।

(1880) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : मदीना के दरवाज़ों पर फ़रिश्ते होंगे। महमारी उस में दाखिल न होगी और न दज्जाल।

(1881) हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : कोई भी शहर नहीं परन्तु दज्जाल जल्द उसे तबाह करेगा, सिवाए मक्का और मदीना के। उसके रास्तों में से कोई रास्ता भी एसा नहीं होगा परन्तु उस पर फ़रिश्ते खड़े होंगे। जो उसकी रक्षा करेंगे। फिर मदीना तीन पर अपने रहने वालों से कांपेगा तो अल्लाह हर काफ़िर और मुनाफ़िक़ को (युद्ध के लिए) निकाले गा।

(सही बुख़ारी, भाग 3 किताब फ़ज़ायल अल् मदीना, मुद्रित 2008 ई.)

★ ★ ★

जो ख़ुदा की प्रतिष्ठा और प्रताप और सम्मान के वास्ते जोश नहीं रखते उन की नमाज़ें झूठी हैं और उनके सज्दे व्यर्थ हैं

जब तक ख़ुदा के लिए जोश न हो ये सज्दे केवल मंतर जंतर ठहरेंगे जिनके माध्यम से ये स्वर्ग को लेना चाहता है

जैसा कि ख़ुदा को क़ुर्बानी के गोश्त नहीं पहुंचते, ऐसे ही तुम्हारे रुकू और सजदे भी नहीं पहुंचते जब तक उनके साथ श्रद्धा न हो

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेश

ख़ुदा तआला की प्रतिष्ठा और प्रताप के प्रकट होने की इच्छा

अल्लाह तआला के निकट वलीउल्लाह और बरकतों वाला वही है जिसको यह जोश हासिल हो जाएगा। ख़ुदा चाहता है कि उसका प्रताप प्रकट हो। नमाज़ में जो سُبْحَانَ رَبِّيَ الْعَظِيْم اور سُبْحَانَ رَبِّيَ الْاَعْلٰى कहा जाता है वह भी ख़ुदा के जलाल के ज़ाहिर होने की इच्छा है। ख़ुदा की ऐसी प्रतिष्ठा हो कि उसका उदाहरण न हो। नमाज़ में तस्बीह और प्राथना करते हुए यही हालत ज़ाहिर होती है कि खुदा ने तरग़ीब दी है कि स्वभाविक जोश के साथ अपने कामों से और अपनी कोशिशों से दिखावए कि उसकी प्रतिष्ठा के समक्ष कोई वस्तु मुझ पर विजय नहीं पा सकती। यह बड़ी इबादत है जो उस की इच्छा के अनुसार जोश रखते हैं, वही ख़ुदा के सहायक कहलाते हैं और वही बरकतें पाते हैं। जो ख़ुदा की प्रतिष्ठा और जलाल और सम्मान के वास्ते जोश नहीं रखते उन की नमाज़ें झूठी हैं और उनके सज्दे व्यर्थ हैं। जब तक ख़ुदा के लिए जोश न हो ये सज्दे केवल मंतर जंतर ठहरेंगे जिनके माध्यम से यह स्वर्ग को लेना चाहता है। याद रखो कोई जस्मानी बात जिसके साथ श्रद्धा न हो, लाभदायक नहीं हो सकती। जैसा कि ख़ुदा को क़ुर्बानी के गोश्त नहीं पहुंचते, ऐसे तुम्हारे रुकू और सजदे भी नहीं पहुंचते, जब तक उनके साथ श्रद्धा न हो। ख़ुदा श्रद्धा को चाहता है ख़ुदा उनसे मुहब्बत करता है जो उसके सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए जोश रखते हैं। जो लोग ऐसा करते हैं वह एक बारीक राह से जाते हैं और कोई दूसरा उनके साथ नहीं जा सकता। जब तक श्रद्धा न हो इन्सान तरक़्क़ी नहीं कर सकता। मानो ख़ुदा ने क़सम खाई है कि जब तक उसके लिए जोश न हो कोई आनंद नहीं देगा।

हर एक आदमी के साथ एक इच्छा होती है, पर मोमिन नहीं बन सकता जब तक शेष पृष्ठ 10 पर

आख़िरत के इंकार की वजह से विमुखता और गंभीरता का अभाव पैदा हो जाता है, दिल ज्ञान से वंचित हो जाते हैं

और इस वजह से स्पष्ट और विश्वसनीय बातों का इंकार भी इन्सान दिलेरी से करता है और ग़ौर करने की तरफ़ तवज्जा नहीं करता

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः नहल आयत :23 فَالَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ قُلُوْبُهُمْ مُّنْكِرَةٌ وَّهُمْ مُّسْتَكْبِرُوْنَ की तशरीह में फ़रमाते हैं :

इस वाक्य में इस प्रश्न का उत्तर दिया है कि यदि ख़ुदा तआला का एक होना ऐसी स्पष्ट बात है तो लोग उसके एक होने का इंकार क्यों करते हैं और वह उत्तर यह है कि यह इंकार किसी दलील पर आधारित नहीं बल्कि अतिरिक्त इन तथ्यों के शिर्क में डूबे होना इस वजह से है कि ये लोग मृत्यु के बाद के जीवन के इंकार करने वाले हैं और इस इंकार की वजह से उनके अंदर संजीदगी बाक़ी नहीं रही क्योंकि जब ये अपने कर्मों को बिना परिणाम के समझते हैं तो उन्हें उनके अच्छा बुरा होने के विषय में विशेष चिंता पैदा नहीं होती और ज़िद और द्वेष में कोई बुराई नहीं देखते क्योंकि उनके ख़्याल में पकड़ तो कोई होनी नहीं। इस लिए आहिस्ता-आहिस्ता उनके दिल जाहिल और मुर्ख हो गए हैं और वह माद्दा समझ और हिदायत का उनमें बाक़ी नहीं रहा जो उस वक़्त इन्सान में पैदा होता है जबकि वह यह महसूस करता है कि मेरे कर्मों का कोई अहम परिणाम निकलने वाला है। अंततः आख़िरत के इंकार की वजह से विमुखता और गंभीरता का अभाव उनमें पैदा हो गया है और दिल ज्ञान से वंचित रह गए हैं और इस वजह से स्पष्ट और विश्वसनीय बातों का इंकार भी दिलेरी से कर देते हैं और ग़ौर करने की तरफ़ तवज्जा नहीं करते। अंततः इस जगह مُّنْكِرَةٌ के अर्थ इंकार करने वाले के नहीं बल्कि जाहिल और नावाक़िफ़ के हैं और ये बताया है कि मृत्यु के बाद के जीवन पर ईमान न होने के कारण से चूँकि संजीदगी से ग़ौर करने का एहसास नहीं, इसलिए इस आदत की वजह से दिलों से समझ का माद्दा जाता रहा है और उनको ज्ञान ही नहीं होता कि हमारा एक अक़ीदा दूसरे अक़ीदा के ख़िलाफ़ है।

दूसरा परिणाम मृत्यु के बाद के जीवन के इंकार का यह बताया कि उनमें घमंड पैदा हो गया है क्योंकि जिस व्यक्ति का कर्मों के प्रतिफल और दंड मिलने का विश्वास न हो शेष पृष्ठ 11 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ की आयरलैण्ड की यात्रा, सितम्बर 2014 ई (भाग-2)

डबलिन शहर की ओर यात्रा

देश आयरलैंड महाद्वीप यूरोप के अत्यधिक उत्तर पश्चिम में औक़ियानूस समुद्र के पानियों में स्थित एक टापू है। 70273 मुरब्बा किलोमीटर के रकबा पर फैला हुआ यह मुल्क चार सूबों और26 काउंटियों पर आधारित है और इस की जनसंख्या 45 लाख है

हज़रत ख़लीफतुल मसीह राबे रहमहुल्लाह तआला ने 29 से 31मार्च 1989 को आयरलैंड की यात्रा फ़रमाई थी

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर साहब, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)
(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

सुबह जब ये Fery आयरलैंड से बर्तानिया की ओर आ रही थी तो जमाअत आयरलैंड ने अपने दो प्रतिनिधि मलिक मंसूर अहमद साहब नैशनल सेक्रेटरी माल और असद इफ़्तिख़ार साहब मुहतमिम माल ख़ुद्दामुल अहमदिया भिजवाए थे ताकि फेरी से निकलने के बाद जो आगे डबलिन शहर तक की यात्रा है इस हवाले से कुछ कार्य फेरी में ही आर्गेनाईज़ कर लिए जाएं और उनकी गाड़ी फेरी से निकलते ही काफ़ले को Escort कर सके। ये दोनों सदस्य भी इस यात्रा में साथ थे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने नमाज़ों की अदायगी के बाद प्रेम पूर्वक इन दोनों लोगों के बारे में पूछा और उनसे बातचीत फ़रमाई।

लगभग तीन घंटे और बीस मिनट की यात्रा के बाद Ferry आयरलैंड की बंदरगाह डबलिन पर पहुंची और विशेष प्रोटोकोल प्रबन्ध के तहत हुज़ूर अनवर और क़ाफ़ला की गाड़ियां सबसे पहले जहाज़ से बाहर आईं और डबलिन शहर की ओर यात्रा हुई।

पोर्ट से रवाना होने के बाद छः बज कर बीस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की होटल Castleknock तशरीफ़ आवरी हुई। यह होटल डबलिन शहर के क्षेत्र Castl knock में स्थित है। डबलिन में क़ियाम के मध्य हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ और क़ाफ़ले के सदस्य के क़ियाम का प्रबन्ध इसी होटल में किया गया था।

जब हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ गाड़ी से बाहर पधारे तो नैशनल सदर जमाअत आयरलैंड डाक्टर अनवर अहमद मालिक साहब मुबल्लिग़ इंचार्ज आयरलैंड इब्राहीम नोंन साहब और मुबल्लिग़ सिलसिला आयरलैंड रबीब अहमद मिर्ज़ा साहब ने हुज़ूर अनवर को स्वागतम कहा और हाथ मिलाने का सौभाग्य प्राप्त किया। सदर लजना इमाइल्लाह तय्यबा मशहूद साहबा ने हज़रत बेग़म साहबा को स्वागतम कहा।

होटल के बाहरी सेहन में Dublin और Galway की जमाअतों से आए हुए लोग जिन में पुरुष महिलाएं बच्चे बूढ़े शामिल थे अपने प्यारे आक़ा के स्वागतम के लिए उपस्थित थे। बच्चे और बच्चियां अलग अलग ग्रुप की सूरत में स्वागतम के गीत प्रस्तुत कर रहे थे। सभी लोगों अपने हाथ हिलाते हुए अपने प्यारे आक़ा का स्वागत किया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने अपना हाथ बुलंद करके सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और होटल में अपने रिहायशी अपार्टमंट में तशरीफ़ ले गए।

नमाज़ मग़रिब-ओ-इशा की अदायगी का प्रबन्ध होटल के एक हाल में किया गया था। सात बजकर पचपन मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने पधार कर नमाज़ मग़रिब-ओ-इशा जमा करके पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी हिस्सा में तशरीफ़ ले गए।

देश आयरलैंड महाद्वीप यूरोप के अत्यधिक उत्तर पश्चिम में औक़ियानूस समुद्र के पानियों में स्थित एक टापू है। 70273 मुरब्बा किलोमीटर के रकबा पर फैला हुआ यह मुल्क चार सूबों और26 काउंटियों पर आधारित है और इस की जनसंख्या 45 लाख है।

यहां के 95 प्रतिशत लोग रोमन कैथोलिक Roman Catholic धर्म से सम्बन्ध रखते हैं और बाक़ी पाँच प्रतिशत का सम्बन्ध दूसरे विभिन्न धर्मों और क़ौमों से है।

अंग्रेज़ों ने 12वीं सदी ईसवी में आयरलैंड पर अपना क़बज़ा किया। अंततः एक लम्बे प्रयास के बाद 1921 ई. में आयरलैंड अंग्रेज़ों से आज़ाद हुआ। परन्तु टापू का 1/6 भाग फिर भी बर्तानिया के अंतर्गत है। जिसे उत्तरी आयरलैंड कहा जाता है और यहां की राजधानी बेलफास्ट Belfast है।

देश आयरलैंड बुलंद-ओ-बाला सरसब्ज़ पहाड़ों, दिल मोह लेने वाली सुंदर झीलों और संसार के सुन्दर तरीन समुद्र के किनारों के कारण से पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है।

यहां बहने वाले दरियाओं में से दरयाए Shannon सबसे लंबा दरिया है जिस की लंबाई 370 किलोमीटर है जो उत्तर पश्चिम से निकलता है और दक्षिण पश्चिम की ओर से बेहता हुआ औक़ियानूस समुद्र में मिल जाता है। जब कि दूसरा दरिया दरयाए Wicklow Liffey के पहाड़ों से रास्ता बनाता हुआ उत्तर पश्चिम से 121किलोमीटर की दूरी तै करते हुए डबलिन शहर के बीच से गुज़रता हुआ आइरिश समुद्र में जा गिरता है।

आयरलैंड में जमाअत और मिशन के निरंतर क़ियाम से पहले कुछ पाकिस्तानी अहमदी लोग यहां आकर आबाद हुए। सबसे पूर्व आदरणीय मुहम्मद हनीफ़ साहब इब्न आदरणीय चौधरी मुहम्मद शरीफ़ सरहिंदी 1976 ई. में नौकरी के हुसूल के लिए यहां आए और Galway शहर में रहने लगे। इसके बाद धीरे धीरे कुछ और अहमदी लोग आयरलैंड आए और विभिन्न शहरों में रहे।

मिशन के क़ियाम का जायज़ा लेने के लिए पहला दल जो आदरणीय नसीम अहमद बाजवा साहब मुबल्लिग़ यू.के और आदरणीय हिदायतुल्लाह बँगवी साहब

शेष पृष्ठ10 पर

ख़ुत्बः जुमअः

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि हमने कुफ़्फ़ार के चैलेंज को स्वीकार करके उस अवसर पर निकलने का वादा किया है

इसलिए हम इससे पीछे नहीं हठ सकते और चाहे मुझे अकेला जाना पड़े मैं जाऊँगा और दुश्मन के मुक़ाबले पर अकेला डटा रहूँगा

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान ख़लीफ़ा-ए-राशिद सिद्दीक़-ए-अकबर हज़रत अबू बक़र सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताएं और गुण

ग़ज़व-ए-बनू नज़ीर, ग़ज़व-ए-बदर अल् मौऊद, ग़ज़व-ए-बनू मुस्तलक़, लांछन की घटना और ग़ज़व-ए-अहज़ाब का वर्णन

आदरणीया मुबारका बेग़म साहिबा, पत्नी मुख़तार अहमद गोन्दल साहिब, आदरणीय मीर अब्दुल वाहिद साहिब और आदरणीय सय्यद वक़ार अहमद साहिब आफ़ अमरीका का वर्णन और नमाज़-ए-जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 28 जनवरी 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत अबूबक़र रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन चल रहा था और यही आज भी चलेगा। ग़ज़व-ए-इमराउल असद के बारे में लिखा है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हफ़्ता के दिन उहद से वापस तशरीफ़ लाए। रविवार के दिन जब फ़ज्र तलूअ हुई तो हज़रत बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हु ने अज़ान दी और बैठ कर नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाहर तशरीफ़ लाने का इंतिज़ार करने लगे। इतने में हज़रत अब्दुल्लाह बिन अमरो बिन औफ़ मुज़नी रज़ियल्लाहु अन्हु नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तलाश करते हुए आए। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बाहर तशरीफ़ लाए तो उन्होंने खड़े हो कर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़बर दी कि वह अपने घर वालों की तरफ़ से आ रहे थे। जब वह मलल में थे तो क़ुरैश ने वहां पड़ाव डाला हुआ था। मलल मक्का के रास्ते में मदीना से अट्ठाईस मील की दूरी पर एक स्थान का नाम है। और उन्होंने अबू सुफ़ियान और उसके साथियों को यह कहते हुए सुना कि तुम लोगों ने तो कुछ नहीं किया। तुम लोगों ने उन्हें नुक़्सान पहुंचाया अर्थात मुसलमानों को नुक़्सान पहुंचाया और तकलीफ़ पहुंचाई और फिर तुमने उन्हें छोड़ दिया और तबाह नहीं किया। कुफ़्फ़ार ने कहा कि इन मुसलमानों में कई ऐसे बड़े बड़े लोग बाक़ी हैं जो तुम्हारे मुक़ाबले के लिए इकट्ठे होंगे। अतः वापस चलो ताकि हम उन लोगों को जड़ से उखेड़ दें जो उन में बाक़ी रह गए हैं। सफ्वान बिन उमय्या इस बात से उन्हें रोकने लगा अर्थात काफ़िरों में वह बैठा था वह उन्हें रोकने लगा और कहने लगा कि हे क़ौम! ऐसा न करना क्योंकि वे लोग जंग लड़ चुके हैं और मुझे ख़ौफ़ है कि जो लोग जंग में आने से रह गए थे अब वह भी तुम्हारे मुक़ाबला में उनके साथ जमा हो जाऐंगे। तुम वापस चलो क्योंकि फ़तह तो तुम्हारी ही है क्योंकि मुझे ख़ौफ़ है कि यदि तुम वापस गए तो तुम शिकस्त खा जाओगे। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को बुलाया और उनको इस मुज़न्नी सहाबी की बात बताई तो इन दोनों ने अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम दुश्मन की तरफ़ चलें ताकि वे हमारे बच्चों पर हमला-आवर न हों। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सुबह की नमाज़ से फ़ारिग़ हुए तो आपने लोगों को बुलवाया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया कि वह यह ऐलान करें कि रसूलुल्लाह तुम्हें आदेश दे रहे हैं कि दुश्मन के लिए निकलो और हमारे साथ वही निकले जो पिछले दिन लड़ाई में शामिल था अर्थात उहद की लड़ाई में शामिल था। आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपना झंडा मंगवाया जो कि पिछले दिन से बंधा हुआ था। उसको अभी तक खोला नहीं गया था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह झंडा हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को दे दिया और यह भी वर्णन किया जाता है कि हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो को दिया था।

(सुबुलुल हुदा भाग 4 पृष्ठ 308-309 غزوۃحمراءالاسد, दारुल क़ुतुब इल्मिया 1993 ई.) (मौजमुल बुल्दान, भाग 5 पृष्ठ 225 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

बहरहाल मुसलमानों का यह क़ाफ़िला जब मदीना से आठ मील की दूरी पर इमराउल असद पहुंचा तो मुशरिकीन को ख़ौफ़ महसूस हुआ और मदीना की तरफ़ लौटने का इरादा तर्क कर के वे वापस मक्का रवाना हो गए।

(सय्यदना अबू बक़र शख़्सियत और कारनामे अली मुहम्मद सलाबी अनुवादक उर्दू, पृष्ठ 113)

ग़ज़व-ए-बनू नज़ीर यह 4 हिज्री में था। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सहाबा की एक मुख़्तसर जमाअत के साथ बनू नज़ीर के हाँ तशरीफ़ ले गए। इस बारे में मुख़्तलिफ़ रिवायत मिलती हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वहां क्यों तशरीफ़ लेकर गए। इस लिए एक रिवायत के अनुसार आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनके पास बनू आमिर के दो मक़्तूलों की दियत वसूल करने के लिए गए थे। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ दस के क़रीब सहाबा थे जिनमें हज़रत

अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु भी थे। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने वहां पहुंच कर उनसे रक़म की बात की तो यहूदियों ने कहा कि हे अब्दुल क़ासिम! आप पहले खाना खा लीजिए फिर आपके काम की तरफ़ आते हैं। उस वक़्त आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक दीवार के साथ बैठे हुए थे।

यहूदियों ने आपस में साज़िश की और कहने लगे कि इस व्यक्ति अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़त्म करने के लिए तुम्हें इस से बेहतर अवसर नहीं मिलेगा। इसलिए बताओ कौन है जो इस मकान पर चढ़ कर एक बड़ा पत्थर उनके ऊपर गिरा देता कि हमें उनसे छुटकारा मिल जाए। इस पर यहूदियों के एक सरदार अम्र बिन हज्जाश ने उसकी हामी भरी और कहा कि मैं इस काम के लिए तैयार हूँ परन्तु उसी वक़्त सल्लाम बिन मिश्कम नामी एक दूसरे यहूदी सरदार ने इस इरादे की मुख़ालिफ़त की और कहा यह हरकत कदापि मत करना। ख़ुदा की क़सम तुम जो कुछ सोच रहे हो उसकी उन्हें ज़रूर ख़बर मिल जाएगी। यह बात की है जबकि हमारे और उनके मध्य समझोता मौजूद है। फिर वह व्यक्ति जब ऊपर पहुंच गया अर्थात पत्थर गिराने वाला, ताकि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर पत्थर गिरा दे तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आसमान से इस साज़िश की ख़बर आई।

अल्लाह तआला ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़बरदार कर दिया कि यहूदी क्या करने वाले हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़ोरन अपनी जगह से उठे और अपने साथियों को वहीं बैठा छोड़कर इस तरह रवाना हो गए जैसे आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को कोई काम है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तेज़ी के साथ वापस मदीना तशरीफ़ ले गए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मदीना पहुंचने के बाद हज़रत मुहम्मद बिन मसलम रज़ियल्लाहु अन्हु को बनू नज़ीर के पास भेजा और यह पैग़ाम दिया कि मेरे शहर अर्थात मदीना से निकल जाओ। तुम लोग अब मेरे शहर में नहीं रह सकते और तुमने जो योजना बनाई थी वह ग़द्दारी थी। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यहूद को दस दिन की मोहलत दी लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया और कहा कि हम अपना वतन कदापि नहीं छोड़ेंगे। इस संदेश पर मुसलमान जंग की तैयारी में लग गए। जब समस्त मुसलमान जमा हो गए तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बनू नज़ीर के मुक़ाबले के लिए निकले। जंग का झंडा हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने उठाया। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनके क़िलों का घेराव कर लिया और उनकी मदद के लिए कोई भी नहीं आया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बनू नज़ीर की तरफ़ लश्कर भेजा तो इशा (रात) के वक़्त रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने दस सहाबा के साथ अपने घर वापस तशरीफ़ ले गए। उस वक़्त आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस्लामी लश्कर की कमान एक रिवायत के अनुसार हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के सपुर्द फ़रमाई जबकि दूसरी रिवायत के अनुसार यह सौभाग्य हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु के हिस्सा में आया। उधर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनका सख़्ती के साथ घेराव किए रहे और अल्लाह तआला ने उनके दिलों में अर्थात यहूदियों के दिलों में मुसलमानों का रोब पैदा कर दिया और अंततः उन्होंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से दरख़ास्त की कि उनको इस शर्त पर देश से निकलने की आज्ञा दे दी जाए और जान बख़शी कर दी जाए और सिवाए हथियारों के उन्हें ऐसा समस्त सामान ले जाने दिया जाए जो ऊंटों पर लादा जा सकता है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनकी यह शर्त और दरख़ास्त मंज़ूर फ़र्मा ली। एक रिवायत के अनुसार आपने पंद्रह दिन तक उनका घेराव किया जबकि कुछ रिवायत में दिनों की संख्यां में इख़तिलाफ़ पाया जाता है।

(उद्धरित सीरतुल हल्बिया भाग 2 पृष्ठ 357 से 361 ग़ज़वा बनू अलनज़ीर, दारुल क़ुतुब इल्मिया 2002 ई.)

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अंसार की आज्ञा से ग़ज़व-ए-बनू नज़ीर से हासिल होने वाला जो सारा माल-ए-ग़नीमत था वह मुहाजिरीन में तक़सीम कर दिया तो हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया हे अंसार की जमाअत अल्लाह तुम्हें जज़ाए ख़ैर अता करे। (सुबुलुल हुदा वर्रिशाद, भाग4 पृष्ठ 325 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993 ई.)

गज़वा बदरुल मौऊद :- यह 4 हिज्री का वाक़िया है। इस ग़ज़वा का सबब यह है कि अबू सुफ़ियान बिन हरब जब ग़ज़व-ए-अहद से वापस आने लगा तो उसने ब-आवाज़-ए-बुलंद कहा कि अगले वर्ष हमारी और तुम्हारी मुलाक़ात बदर अस्सफ़रा के स्थान पर होगी। हम वहां जंग करेंगे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उमर फ़ारूक़ रज़ियल्लाहु अन्हो से फ़रमाया : उसे कहो हाँ इं शा अल्लाह। इसी पर लोग जुदा हो गए। क़ुरैश वापस आ गए और उन्होंने अपने लोगों को इस वादे के बारे में बता दिया। बदर मक्का और मदीना के मध्य एक मशहूर कुँआं है जो वादी ए-सुफ़रा और जार जो स्थान है उसके मध्य स्थित है। बदर मदीना के दक्षिण में 150 किलो मीटर के फ़ासले पर स्थित है। ज़माना-ए-जाहिलीयत में इस जगह प्रत्येक वर्ष एक ज़ीकादा से आठ रोज़ तक एक बड़ा मेला लगा करता था। बहरहाल जूँ-जूँ वादे का वक़्त क़रीब आ रहा था अबूसुफ़ियान रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ़ निकलने को नापसंद कर रहा था। इसको ख़ौफ़ पैदा हो रहा था। वह यही चाहता था कि इस निर्धारित वक़्त में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मुलाक़ात न ही हो। अबूसुफ़ियान ज़ाहिर कर रहा था कि वह एक लश्कर-ए-जर्रार लेकर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर हमला-आवर होने की तैयारी कर रहा है ताकि यह ख़बर अहल मदीना तक पहुंचा दे कि वह एक बहुत बड़ा लश्कर जमा कर रहा है और अरब के कोने कोने में ख़बर फैला दी जाए ताकि मुसलमानों को इस से भयभीत किया जा सके।

(सुबुलुल हुदा वर्रिशाद, भाग 4 पृष्ठ 337 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993 ई.) (एटलस सीरतुन नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम,पृष्ठ 216 दारुस्सलाम 1424 हिज्री)

एक रिवायत के अनुसार हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो भी रसूल अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए। उन्होंने निवेदन किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! अल्लाह तआला अपने दीन को ग़ालिब करेगा। अपने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इज़्ज़त देगा। हमने क़ौम के साथ वादा किया था और हम उस की ख़िलाफ़वरज़ी पसंद नहीं करते। वे अर्थात कुफ़्फ़ार उसे बुज़दिली शुमार करेंगे। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वादा के अनुसार तशरीफ़ ले चलें। ख़ुदा की कसम इस में ज़रूर भलाई है। ये जज़बात सुनकर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बहुत ख़ुश हुए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को जब इस बात की ख़बर मिली अर्थात यह कि अबूसुफ़ियान इत्यादि के लश्कर की तैयारी के बारे में तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अब्दुल्लाह बिन रवाह रज़ियल्लाहु अन्हु को अपने पीछे मदीना का अमीर निर्धारित फ़रमाया। एक रिवायत के अनुसार अब्दुल्लाह बिन अब्दुल्लाह बिन अबी बिन सलूल को अमीर निर्धारित फ़रमाया और अपना झंडा हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को अता फ़रमाया और मुसलमानों के हमराह बदर की जानिब रवाना हुए। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हमराह पंद्रह सौ मुसलमान थे। मुसलमानों ने बदर के स्थान पर लगने वाले मेले में खरीदने और बेचने के व्यापर में काफ़ी नफ़ा कमाया और आठ रोज़ क़ियाम करने के बाद वापस मदीना आ गए।

(सुबुलुल हुदा वर्रिशाद, भाग 4 पृष्ठ 337 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993 ई.) (उद्धरित अल् तब्क़ातुल कुबरा, भाग 2 पृष्ठ 46 ग़ज़वा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बदर अल् मौउद, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2017 ई.)

वह मेला जो वहां लगा हुआ था मुसलमानों ने फिर इस में व्यापार भी किया कि यदि जंग हुई तो वह तो होनी है लेकिन यदि नहीं होती तो कम से कम व्यापार वहां हो जाए और इस से मुसलमानों को बड़ा लाभ हुआ। ग़ज़व-ए-उहद में अबूसुफ़ियान ने मुसलमानों को अगले वर्ष पुनः मिलने का जो चैलेंज दिया था उस की मज़ीद तफ़सील भी है और यह तफ़सील हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु ने लिखी है। लिखते हैं कि ग़ज़व-ए-उहद के बाद "मैदान से लोटते हुए अबूसुफ़ियान ने मुसलमानों को यह चैलेंज दिया था कि अगले वर्ष बदर के स्थान पर हमारी तुम्हारी

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 103 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

जंग होगी और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस चैलेंज को क़बूल करने का ऐलान फ़रमाया था। इस लिए दूसरे वर्ष अर्थात चार हिज्री में जब शवाल के महीना का अंत आया तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम डेढ़ हज़ार सहाबा की संख्या को साथ लेकर मदीना से निकले और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने पीछे अब्दुल्लाह बिन अब्दुल्लाह बिन अबी बिन सलूल को अमीर निर्धारित फ़रमाया। दूसरी तरफ़ अबूसुफ़ियान बिन हर्ब भी दो हज़ार क़ुरैश के लश्कर के साथ मक्का से निकला परन्तु बावजूद उहद की फ़तह और इतनी बड़ी जमीयत के साथ होने के उसका दिल भयभीत था और इस्लाम की तबाही के दर पर होने के बावजूद वह चाहता था कि जब तक बहुत ज़्यादा जमीयत का इंतिज़ाम न हो जाए वह मुसलमानों के सामने न हो। इस लिए अभी वह मक्का में ही था कि उसने एक व्यक्ति नईम नामी को जो एक ग़ैर जानिबदार क़बीला से सम्बन्ध रखता था मदीना की तरफ़ रवाना कर दिया और उसे ताकीद की कि जिस तरह भी हो मुसलमानों को डरा धमका कर और झूठ सच बातें बना कर जंग से निकलने के लिए रोके रखे। इस लिए ये व्यक्ति मदीना में आया और क़ुरैश की तैयारी और ताक़त और उनके जोशो ख़रोश के झूठे क़िस्से सुना सुना कर उसने मदीना में एक बेचैनी की हालत पैदा कर दी। यहाँ तक कि कुछ कमज़ोर स्वभाव लोग इस ग़ज़वा में शामिल होने से भयभीत होने लगे लेकिन जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने निकलने की तहरीक फ़रमाई और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी तक़रीर में फ़रमाया कि हम ने कुफ़्फ़ार के चैलेंज को क़बूल करके इस अवसर पर निकलने का वादा किया है इस लिए हम इससे पीछे नहीं हो सकते और चाहे मुझे अकेले जाना पड़े मैं जाऊँगा और दुश्मन के मुक़ाबले पर अकेला डटा रहूँगा तो लोगों का ख़ौफ़ जाता रहा और वे बड़े जोश और श्रद्धा के साथ आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लमके साथ निकलने को तैयार हो गए।

बहरहाल आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम डेढ़ हज़ार सहाबा के साथ मदीना से रवाना हुए और दूसरी तरफ़ अबू सुफ़ियान अपने दो हज़ार सिपाहियों के हमराह मक्का से निकला लेकिन ख़ुदाई तसर्रुफ़ कुछ ऐसा हुआ कि मुसलमान तो बदर में अपने वादा के अनुसार पहुंच गए परन्तु क़ुरैश का लश्कर थोड़ी दूर आकर फिर मक्का को वापस लौट गया और इस का क़िस्सा यूं हुआ कि जब अबू सुफ़ियान को नईम की नाकामी का इल्म हुआ तो वह दिल में भयभीत हुआ और अपने लश्कर को यह तलक़ीन करता हुआ रास्ते से लौट कर वापस ले गया कि इस वर्ष सूखा बहुत है और लोगों को तंगी है इस लिए इस वक़्त लड़ना ठीक नहीं है। जब सहजता होगी तो ज़्यादा तैयारी के साथ मदीना पर हमला करेंगे। इस्लामी लश्कर आठ दिन तक बदर में ठहरा और चूँकि वहां ज़ीकादा के महीने के शुरू में प्रत्येक वर्ष मेला लगा था।'' (जिसका पहले वर्णन हो चुका है) तो "उन दिनों में बहुत से सहाबियों ने इस मेला में व्यापार करके काफ़ी लाभ कमाया। यहाँ तक कि उन्होंने इस आठ दिन के व्यापार में अपने मूलधन को दोगुना कर लिया। जब मेले का अंत हो गया और लश्कर क़ुरैश न आया तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बदर से कूच करके मदीना में वापस तशरीफ़ ले आए और क़ुरैश ने मक्का में वापस पहुंच कर मदीना पर हमले की तैयारियां शुरू कर दीं। यह ग़ज़वा ग़ज़व-ए-बद्रुल मौऊद कहलाता है।''

(सीरत ख़ातमुन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अज़ साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु, पृष्ठ 529-530)

गज़व-ए-बनू मुस्तल्क एक है जो शाबान 5 हिज्री में हुआ। ग़ज़व-ए-बनू मुस्तलक़ का दूसरा नाम ग़ज़व-ए-मुरेसी भी है। (किताब अलमग़ाज़ी लिलवाकदी, भाग 1 पृष्ठ 341 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2013 ई.) बनू मुस्तलक खज़ा की शाख़ थी। ये क़बीला एक कुँवें के पास रहता था जिस को मुरेसी कहते थे। यह फ़ुरुअ से एक दिन की दूरी पर था और फ़ुरुअ और मदीना के मध्य क़रीबन 96 मील की दूरी थी।

(अल् तब्क़ातुल कुबरा, भाग 2, पृष्ठ 48 ग़ज़वा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल् मर्सी, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1990 ई.) (अल् मुन्ज़िद ज़ेर माद्दा "बुरद")

अल्लामा इब्ने इसहाक के नज़दीक ग़ज़व-ए-बनू मुस्तलक़ 6 हिज्री में हुआ जबकि मूसा बिन उक्बा के नज़दीक 4 हिज्री में हुआ और वाक़दी कहता है कि यह ग़ज़वा शाबान 5 हिज्री में हुआ। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने इस को 5 हिज्री का ही लिखा है। बहरहाल जब नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तक यह बात पहुंची कि क़बीला बनू मुस्तल्क ने मुसलमानों पर हमला करने का इरादा किया है तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनकी तरफ़ शाबान 5 हिज्री में सात सौ अस्हाब के साथ चढ़ाई की। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुहाजिरीन का झंडा हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु के सपुर्द फ़रमाया। एक दूसरी रिवायत के अनुसार आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुहाजिरीन का झंडा हज़रत अम्मार बिन यासिर रज़ियल्लाहु अन्हु को दिया और अंसार का झंडा हज़रत साद बिन उबादा रज़ियल्लाहु अन्हु के सपुर्द फ़रमाया।

(अल् बिदाया वन्न हाया भाग 4 पृष्ठ 169-170 ग़ज़व बनू मुस्तलक़, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

लांछन लगाने की घटना इस के बारे में जो तफ़सील है वह इस तरह है कि ग़ज़व-ए-बनू मुस्तलक़ से वापसी पर हज़रत आयशा पुत्री हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो पर मुनाफ़क़ीन की तरफ़ से लांछन लगाया गया। यह वाक़िया तारीख़ में लांछन की घटना के नाम से प्रसिद्ध है। इस लिए सही बुख़ारी में हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से रिवायत है। यह रिवायत जबकि एक सहाबी के विषय में पहले वर्णन हो चुकी है।

(ख़ुतबा जुमा फ़र्मूदा 14 दिसंबर 2018 ई., प्रकाशन अलफ़ज़ल इंटरनैशनल 4 जनवरी 2019 ई., पृष्ठ 6- 7)

लेकिन यहां हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हु के हवाले से भी वर्णन करना ज़रूरी है।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब किसी सफ़र पर रवाना होने का इरादा फ़रमाते तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी पत्नियों के मध्य क़ुरआ डालते हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से यह रिवायत है, और फिर जिसका क़ुरआ निकलता आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस को अपने साथ ले जाते। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक ग़ज़वा में हमारे मध्य क़ुरआ डाला जो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने किया था तो हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा कहती हैं कि मेरा क़ुरआ निकला। मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ गई हिजाब के आदेश के नाज़िल होने के बाद। कहती हैं मैं हौदा (लकड़ी का बना हौदा जो ऊंट या हाथी की पीठ पर बैठने के लिये रखा जाता है) में उठाई जाती और इसी में उतारी जाती। हम चलते रहे यहां तक कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने इस ग़ज़वा से फ़ारिग़ हुए और वापस तशरीफ़ लाए और हम मदीना के क़रीब पहुंचे तो एक रात आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने प्रस्थान का आदेश फ़रमाया। मैं खड़ी हुई जब लोगों ने प्रस्थान का ऐलान किया। फिर मैं चल पड़ी यहां तक कि लश्कर से आगे निकल गई। फिर जब मैं अपनी ज़रूरत से फ़ारिग़ हुई तो हौदज (लकड़ी का बना हौदा जो ऊंट या हाथी की पीठ पर बैठने के लिये रखा जाता है) की तरफ़ आई और मैंने अपने सीने को हाथ लगाया तो क्या देखती हूँ कि मेरा अज़फर के नगीनों का हार टूट कर गिर गया है। बहरहाल कहती हैं मैं वापस गई और अपना हार ढूढ़ने लगी। उसकी तलाश में मुझे समय लग गया और वे लोग आए जो मेरी सवारी को तैयार करते थे जिस पर मैं हौदज में बैठती थी। और उन्होंने मेरा हौदज उठाया और उसे मेरे ऊंट पर रख दिया जिस पर मैं सवार होती थी। कहती हैं कि उन्होंने समझा कि मैं उस में हूँ क्योंकि महिलाऐं उन दिनों में हल्की फुल्की हुआ करती थीं और उन पर ज़्यादा गोश्त नहीं होता था और वह थोड़ा सा ही खाना खाया करती थीं। बहरहाल लोगों ने जब उसे उठाया तो हौदज के बोझ को असामन्य नहीं समझा। उन्होंने इस को उठाया और मैं छोटी आयु की लड़की थी। उन्होंने ऊंट को उठाया और चल पड़े और मैंने अपना हार पा लिया इस के बाद कि लश्कर चला गया।

मैं उनके पड़ाव पर आई और वहां कोई भी नहीं था। फिर मैं अपने पड़ाव की तरफ़ गई जिस में मैं थी और मैंने ख़्याल किया कि वे मुझे नहीं पाएँगे तो मेरे पास वापस आएँगे। इस हाल में कि मैं बैठी हुई थी मेरी आँख लग गई और मैं सौ गई। सफ़वान बिन मुअत्तल सुलमी ज़कवानी लश्कर के पीछे थे। वह सुबह मेरे पड़ाव पर आए और उन्होंने एक सोते हुए इन्सान का वजूद देखा। वह मेरे पास आए और हिजाब के

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और अगर खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और अगर बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

आदेश से पहले उन्होंने मुझे देखा हुआ था। मैं उनके इन्ना लिल्लाह पढ़ने पर जाग उठी। जब उन्होंने अपनी ऊंटनी बिठाई तो उन्होंने उस ऊंटनी का पांव मोड़ा और जब वह ऊंटनी बैठ गई तो मैं उस पर सवार हो गई। और मेरी सवारी को लेकर चल पड़े यहां तक कि हम लश्कर में पहुंचे बाद इसके कि लोग ठीक दोपहर के वक़्त आराम करने के लिए पड़ाव किए हुए थे।

फिर जिसको हलाक होना था वह हलाक हो गया और इस लांछन को लगाने वाला अब्दुल्लाह बिन उबई बिन सलूल था। हम मदीना पहुंचे। मैं वहां एक महीना बीमार रही और लोग लांछन लगाने वालों की बातों में लगे रहे और मेरी बीमारी में यह बात मुझे बेचैन करती कि मैं नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से वह मेहरबानी नहीं देखती जो मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से आम तौर पर देखती थी जब मैं बीमार होती। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अन्दर तशरीफ़ लाते और सलाम कहते। फिर फ़रमाते तुम कैसी हो? मुझे इस वाक़िया का अर्थात लांछन की घटना का कुछ भी इलम नहीं था यहां तक कि जब मैं कमज़ोर हो गई तो मैं उम्मे मसतह मनासे की तरफ़ गईं जो हमारी मल मूत्र करने का स्थान था। हम न निकलते सिवाए रात से रात तक, रात का इंतिज़ार किया करते थे, और यह इस से पहले की बात है कि हमने अपने घरों के क़रीब शौचालय बनाए थे। घरों में उस शौचालय नहीं होते थे। बहरहाल कहती हैं इस से पूर्व हमारी हालत पहले अरबों की सी थी जो जंगल में या बाहर अलग जा कर मल मूत्र किया करते थे। मैं और उम्मे मसता पुत्री अबू रूहम दोनों गईं। हम चल रही थीं कि वह अपनी ओढ़नी से अटकी और उसने कहा मुसता हलाक हो गया। मैंने उसे कहा क्या ही बुरी बात है जो तुमने कही है। क्या तुम ऐसे व्यक्ति को बुरा कह रही हो जो बदर में मौजूद था तो उसने कहा हे भोली-भाली लड़की क्या आप ने सुना नहीं जो लोगों ने कहा। तब उसने मुझे लांछन वालों की बात बताई। इस पर मेरी बीमारी मज़ीद बढ़ गई।

फिर जब मैं अपने घर वापस आई तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मेरे पास तशरीफ़ लाए और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सलाम किया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम कैसी हो? मैंने अर्ज़ किया मुझे अपने माता पिता के पास जाने की आज्ञा दें। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने कहा कि मुझे आज्ञा दें कि माता पिता के पास चली जाऊं। मैं उस वक़्त चाहती थी कि मैं उन दोनों अर्थात अपने माता पिता की तरफ़ से ख़बर का यक़ीनी होना मालूम करूँ तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझे आज्ञा दे दी। मैं अपने माता पिता के पास आई तो मैंने अपनी माता से कहा लोग क्या बातें कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि हे मेरी बेटी इस विषय में अपनी जान पर बोझ ना डालो। अल्लाह की क़सम! कम ही ऐसा हुआ है कि कभी किसी आदमी के पास कोई ख़ूबसूरत पत्नी हो जिसे वह मुहब्बत करता हो और इसकी सौतने हों और फिर उसके ख़िलाफ़ बातें न करें। मैं ने कहा सुब्हान-अल्लाह लोग ऐसी बात की चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने अर्थात हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने वर्णन फ़रमाया कि मैं ने वह रात इस तरह गुज़ारी कि सुबह हो गई और मेरे आँसू नहीं थमते थे और न मुझे ज़रा सी भी नींद आई।

फिर सुबह हुई तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अली बिन अबू तालिब रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उसामा बिन ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हु को बुलाया। जब वह्यी में देरी हुई तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उन दोनों से अपनी पत्नी को छोड़ने (तलाक देने) के बारे में मश्वरा करना चाहते थे। जहां तक हज़रत उसामा का सम्बन्ध था तो उन्होंने मश्वरा दिया उसके अनुसार जो वह जानते थे कि आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से सम्बन्ध क्या है और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा की हालत को भी जानते होंगे कि पवित्र और शुद्ध चरित्र तथा विचारों वाली महिला हैं। बहरहाल हज़रत उसामा रज़ियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो वसल्लम! वह आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पत्नी हैं और अल्लाह की क़सम हम सिवाए भलाई के और कुछ नहीं जानते।

और जहां तक हज़रत अली बिन अबू तालिब रज़ियल्लाहु अन्हु का सम्बन्ध है तो उन्होंने अर्ज़ किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल्लाह ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर कुछ तंगी नहीं रखी और इसके सिवा और महिलाऐं भी बहुत हैं और इस ख़ादिमा से पूछिए वह आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सच्च कह देगी। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बरीरा को बुलाया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया बरीरा! क्या तुमने उस में कोई बात देखी जो तुम्हें शक में डाले? बरीरा ने कहा नहीं। उस की क़सम जिसने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को हक़ के साथ भेजा है मैंने उनमें इस से ज़्यादा कोई और बात नहीं देखी जिसको मैं बुराई समझूं कि वह कम उमर लड़की है, गूँधा हुआ आटा छोड़ कर सो जाती है। बकरी आती है और वह उसे खा जाती है तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसी रोज़ खड़े हुए और अब्दुल्लाह बिन अबी बिन सलूल के बारे में माज़रत चाही और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कौन मुझे उस व्यक्ति के बारे में विवश समझेगा जिसने मेरे घरवालों के बारे में मुझे कष्ट दिया है। अल्लाह की क़सम! मैं अपने परिवार में सिवाए भलाई के और कोई बात नहीं जानता। और लोगों ने ऐसे व्यक्ति का वर्णन किया है जिसके विषय में भलाई के सिवा कुछ नहीं जानता और मेरे घर वालों के पास वह नहीं आता था परन्तु मेरे साथ। हज़रत साद बिन माज़ रज़ियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और उन्होंने अर्ज़ क्या हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुदा की कसम मैं इस से आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को विवश ठहराऊंगा। यदि वह ओस से है तो हम उसकी गर्दन मार देंगे और यदि वह हमारे भाईयों ख़ज़रज से है तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हमें इरशाद फ़रमाएं। हम आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद के अनुसार करेंगे। इस पर हज़रत साद बिन उबादा रज़ियल्लाहु अन्हु खड़े हो गए और वह ख़ज़रज के सरदार थे और इस से पहले वह भले आदमी थे लेकिन उन्हें स्वाभिमान ने उकसाया और उन्होंने कहा तुमने ग़लत कहा। अल्लाह की क़सम! तुम उसे नहीं मॉरोगे और न इस पर ताक़त रखते हो। अर्थात आपस में क़बीलों की ठन गई। हज़रत उसैद बिन हुज़ैर रज़ियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और उन्होंने कहा तुमने ग़लत कहा। अल्लाह की क़सम! अल्लाह की क़सम! हम उसे ज़रूर मारेंगे। तू मुनाफ़िक़ है और मुनाफ़िक़ों की तरफ़ से झगड़ता है। इस पर दोनों क़बीले ओस और ख़ज़रज भड़क उठे यहां तक कि वह लड़ने पर उतारू हो गए और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मंच पर थे। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम नीचे तशरीफ़ लाए। उनको धीमा किया यहां तक कि ख़ामोश हो गए और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी ख़ामोश हो गए।

हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा कहती हैं मैं सारा दिन रोती रही। यह वाक़िया तो आपके इलम में आ गया लेकिन असल बात यह थी कि हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा कहती हैं जो कुछ भी हो रहा था वह तो होता रहा लेकिन मैं सारा दिन रोती रही। न मेरे आँसू थमे और न मुझे नींद आई। मेरे माँ बाप मेरे पास आए। मैं दो रातें और एक दिन रोई यहां तक कि मैंने गुमान किया कि यूं रोना मेरे जिगर को फाड़ डालेगा। आप रज़ियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया उस समय में कि वह दोनों अर्थात हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के माता पिता जो थे, मेरे पास बैठे हुए थे और मैं रो रही थी कि एक अंसारी महिला ने अंदर आने की आज्ञा चाही और मैं ने उसे आज्ञा दी। वह बैठी और मेरे साथ रोने लगी। हम इस हाल में थे कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाए और बैठ गए। जब से मेरे विषय में कहा गया और जो कहा गया आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मेरे पास नहीं बैठे थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक महीना इसी तरीक़ पर रहे। मेरे इस विषय के बारे में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर कोई वह्यी नहीं हुई। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा कहती हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने तशह्हुद पढ़ा। फिर फ़रमाया आयशा! मैं ने तुम्हारे बारे में यह बात सुनी है। यदि तुम बरी हो तो ज़रूर अल्लाह तआला तुम्हारी बरीयत फ़रमाएगा और यदि तुम से कोई लग़्ज़िश हो गई हो तो अल्लाह से मग़फ़िरत माँगो और उसके हुज़ूर तौबा करो क्योंकि बंदा जब अपने गुनाह का इक़रार करता है और फिर वह तौबा करता है तो अल्लाह भी उस पर रहम करता है।

जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी बात ख़त्म कर चुके तो मेरे आँसू थम गए यहां तक कि मुझे उनका एक क़तरा भी महसूस नहीं हुआ और मैं ने अपने बाप अर्थात हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो से कहा कि रसूलुल्लाह

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह ख़ामिस

ख़िलाफत का निज़ाम भी अल्लाह तआला और उसके रसूल के आदेशों और निज़ाम का हिस्सा है।

(ख़ुत्बा जुम्अः 24 मई 2019 ई)

तालिबे दुआ

मुहम्मद शुएब सुलेजा पुत्र जनाब मुहम्मद ज़ाहिद सुलेजा मरहूम तथा फैमली, अहमदिया जमाअत कानपुर(उत्तर प्रदेश)

सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मेरी तरफ़ से जवाब दें। उन्होंने कहा ख़ुदा की कसम मैं नहीं जानता कि मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से क्या कहूं। फिर मैं ने अपनी माँ से कहा आप मेरी तरफ़ से रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को जवाब दें जो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है। उन्होंने कहा ख़ुदा की कसम मैं नहीं जानती मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से क्या कहूं। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा कहती हैं मैं कम उमर लड़की थी, क़ुरआन ज़्यादा नहीं जानती थी तो मैं ने कहा ख़ुदा की कसम मुझे मालूम हो चुका है कि आप लोगों ने सुना है जो लोग बातें कर रहे हैं और आपके दिलों में वह बैठ गई है और आप लोगों ने उसे ठीक समझ लिया है और यदि मैं आप लोगों से कहूं कि मैं पवित्र हूँ और अल्लाह जानता है कि मैं पवित्र हूँ तो आप लोग मुझे इस में सच्चा नहीं समझेंगे और यदि मैं आपके पास किसी बात का इक़रार कर लूं और अल्लाह जानता है कि मैं पवित्र हूँ तो आप लोग मुझे सच्चा समझ लेंगे।

अल्लाह की क़सम! मैं अपना और आप लोगों का उदाहरण नहीं पाती सिवाए यूसुफ़ के पिता के कि जब उन्होंने कहा था فَصَبْرٌ جَمِيْلٌ وَاللّٰهُ الْمُسْتَعَانُ عَلٰى مَا تَصِفُوْنَ और अच्छी तरह सब्र करना ही मेरे लिए उचित है और जो बात तुम वर्णन करते हो उसके निवारण के लिए अल्लाह ही से मदद मांगी जा सकती है और उससे मदद मांगी जाएगी।

फिर मैं ने अपने बिस्तर पर रुख बदल लिया और मैं उम्मीद करती थी कि अल्लाह तआला मेरी पवित्रता ज़ाहिर करेगा लेकिन ख़ुदा की कसम मुझे गुमान नहीं था कि वह मेरे विषय में वह्यी नाज़िल करेगा। मैं अपने ख़्याल में इस से बहुत छोटी थी कि मेरे बारे में क़ुरआन में बात की जाएगी लेकिन मुझे उम्मीद थी कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम नींद में कोई स्वप्न देखेंगे कि अल्लाह मुझे पवित्र क़रार देता है। अल्लाह की क़सम! आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने बैठने की जगह से अलग नहीं हुए थे और न घर वालों में से कोई बाहर गया था यहां तक कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर वह्यी नाज़िल हुई और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर वह शिद्दत की कैफ़ीयत तारी हुई जो वह्यी के वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को हुआ करती थी। यहां तक कि सर्दी के दिन में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पसीना मोतियों की तरह टपकता था। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से यह अवस्था जाती रही तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुस्कुरा रहे थे और पहली बात जो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने की वह आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का मुझ से यह फ़रमाना था कि आयशा! अल्लाह की प्रशंसा वर्णन करो क्योंकि अल्लाह ने तुम्हारी पवित्रता प्रकट कर दी है और मेरी माँ ने मुझसे कहा उट्ठो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास जाओ। मैंने कहा नहीं अल्लाह की क़सम मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास नहीं जाऊँगी और अल्लाह के सिवाए किसी की प्रशंसा नहीं करूँगी। तो अल्लाह तआला ने फ़रमाया : اِنَّ الَّذِيْنَ جَآءُوْ بِالْاِفْكِ عُصْبَةٌ مِّنْكُمْ (अल् नूर : 12) निसंदेह वे लोग जिन्हों ने एक बड़ा झूठा आरोप लगाया था तुम्ही में से एक गिरोह है। जब अल्लाह ने मेरी पवित्रता में यह नाज़िल फ़रमाया तो हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के पिता हज़रत अबू बक़र सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा और वह मुसतह बिन उसासा को उसके क़रीबी होने के कारण ख़र्च दिया करते थे, ग़रीब आदमी था इस को ख़र्च दिया करते थे हज़रत अबू बक़र रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा कि अल्लाह की क़सम मैं मुसतह को कभी ख़र्च नहीं दूँगा बाद इस के जो उसने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के बारे में कहा है। तो अल्लाह तआला ने नाज़िल फ़रमाया وَلَا يَأْتَلِ أُولُوا الْفَضْلِ مِنْكُمْ وَالسَّعَةِ أَنْ يُؤْتُوا أُولِي الْقُرْبَىٰ وَالْمَسَاكِينَ وَالْمُهَاجِرِينَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ۖ وَلْيَعْفُوا وَلْيَصْفَحُوا ۗ أَلَا تُحِبُّونَ أَنْ يَغْفِرَ اللَّهُ لَكُمْ ۗ وَاللَّهُ غَفُورٌ رَحِيمٌ (अल्नूर : 23) और तुम में से साहब-ए-फ़ज़ीलत और साहब-ए-तौफ़ीक़ अपने क़रीबियों और मिस्कीनों और अल्लाह की राह में ख़र्च करने वालों को कुछ न देने की क़सम न खाएं। अतः चाहिए कि वे माफ़ कर दें और अनदेखा करें। क्या तुम यह पसंद नहीं करते हो कि अल्लाह तुम्हें बख़श दे और अल्लाह बहुत बख़शने वाला और बार-बार रहम करने वाला है।

